निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ सलाहकार (कार्यक्रम एवं संभारतंत्र) – (एनीमिया मुक्त भारत)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर अर्हता प्राप्त अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग अधिकारी: उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका एवं दायित्व: निम्नलिखित विषयपरक क्षेत्रों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत के कार्यान्वियन में बाल स्वास्थ्य प्रभाग को सहायता प्रदान करना:

1. एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम (एएमबी) के कार्यान्वियन और सुदृढ़ीकरण हेतु विषयपरक क्षेत्रों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रमात्मक सहयोग प्रदान करना।
2. राष्ट्रीय एनीमिया उत्कृष्टता एवं उन्नत अनुसंधान केन्द्र (एनसीईएआर-ए), एम्स दिल्ली के परामर्श से पृष्ठभूमि दस्तावेज सारांश, त्वरित आकलन का प्रस्ताव तैयार करने, रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
3. कार्यक्रम के लिए संकल्पना और त्वरित मूल्यांकन आयोजित करना।
4. उपलब्ध आईईसी माध्यम पर कार्यक्रम की निरंतर दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राष्ट्रीय आईईसी प्रभाग के साथ समन्वय।
5. त्वरित आकलनों के निष्कर्ष का विश्लेषण, रिपोर्टों को अंतिम रूप देना, यदि अपेक्षित हो तो, कार्यान्वयन कार्यनीति में परिवर्तनों की संस्तुति करना।
6. वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तर पर, कार्यक्रम कार्यान्वियन के नवोन्मेषी या सर्वोत्तम मॉडलों की पहचान और प्रलेखन।
7. तकनीकी परामर्श, बैठकें और संवाद आयोजित करने के लिए संगत मंत्रालयों, सहभागी एजेंसियों, विशेषज्ञ पैनलों के साथ संबंध स्थापित करना।
8. कार्यक्रम की आवश्यकता तथा बाद के कार्य हेतु राष्ट्रीय एनीमिया उत्कृष्टता एवं उन्नत अनुसंधान केन्द्र (एनसीईएआर-ए) के साथ समन्वय।
9. एएमबी से संबंधित राज्य पीआईपी के मूल्यांकन में सहायता।
10. एएमबी डैशबोर्ड पर आधारित कार्यशालाओं की द्विवार्षिक समीक्षा में सहयोग।
11. राज्य में एएमबी आपूर्तियों (अंतिम मील वितरण) के पूर्वानुमान, प्रापण, संचालन और वितरण का आकलन और समझ।
12. केन्द्र और राज्य में प्रभावी आपूर्ति पूर्वानुमान, सूची प्रबंधन और निगरानी तंत्र स्थापित करने के लिए एनीमिया मुक्त भारत सहित ई-औषधि एवं औषधि टीका वितरण प्रणाली (डीवीडीएमएस) के संपर्कों की खोज और सुदृढ़ीकरण।
13. राज्य स्तर पर प्रापण में आने वाली बाधाओं का आकलन तथा केन्द्रीय आपूर्ति प्रापण हेतु कार्यतंत्र स्थापित करने में राज्यों और राष्ट्रीय एएमबी इकाई की सहायता करना।
14. सभी लक्षित लाभार्थियों में एएमबी से संबंधित जिला-वार आपूर्ति वार्षिक विभाजकों की सूची बनाने में राज्यों की सहायता करना।
15. बाल स्वास्थ्य एवं पोषण कार्य ढांचा आउटपुट के अंतर्गत पर्यवेक्षण द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य।

पात्रता:

1. जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर अर्हताओं सहित एमबीबीएस और 3+वर्षों का अनुभव या 5 वर्षों के कार्य अनुभव सहित जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर अर्हता सहित गैर एमबीबीएस (परन्तु संगत बीडीएस/बीएएमएस/बीएचएमएस/आयुष स्नातक/बी.एससी नर्सिंग उपाधि के साथ)
2. राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रमों में एनएचएम के साथ कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख हितधारकों तथा संगत सरकारी नीतियों/रणनीतियों मुख्यत: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बारे में जानकारी।
4. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और मेलजोल क्षमताएं, अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट मौखिक और लेखन संचार क्षमताएं।
5. बहु-विषयक दल वातावरण में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
6. फील्ड स्तर पर आरसीएच कार्यक्रम कार्यान्वियन में प्रदर्शित अनुभव।
7. एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर-प्वाइंट और संगत डाटा एवं प्रलेख खोजने के लिए वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से प्रयोग में लाए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
8. निर्धारित समय-सीमा के दबाव में विविध कार्यों को करने की क्षमता।
9. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा तथा कार्यों को समय-सीमा के अंदर पूरा करने हेतु एक साथ विविध कार्य करने की क्षमता।
10. उच्च गुणवत्ता के प्रकाशन कार्य या विशिष्ट संगत कार्य के अनुभव के मामले में औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव शिथिल किया जा सकेगा।

आयु: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को अधिकतम 50 वर्ष तथा फील्ड दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य।

पारिश्रमिक रेंज: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,50,000/-रु. के बीच।

स्थान: दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **28-Jun-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।